2 Months

2 Months

6.00 hrs.
Last Date
1.11.2025
s://kppp.

, BSWML

3004/99

UKPCB | LiFE Lifestyle for Environment

# मुख्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

"गौरा देवी पर्यावरण भवन", 46बी, आई0टी0 पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून
E-mail : msukpcb@yahoo.com, दूरभाष: 0135-2607092

दिनांक 04/11/2025

पत्रांक - यूईपीपीसीबी/एचओ/Noc-8070/1074

## पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई के लिये सूचना

मै० नगर पालिका परिषद, महुआखेड़ागंज, ऊधमसिंहनगर द्वारा प्लाट सं.-397, श्री डेवलपर्स इंडस्ट्रीयल स्टेट, महुआखेड़ागंज, तहसील काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर में सामान्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन सुविधा ( सेनेटरी लैंडफिल ) (क्षेत्रफल - 0.3880 है0 ) की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई का प्रस्ताव उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, देहरादून के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। प्रस्ताव के लिये पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार (MoEF&CC) द्वारा Terms of Reference निर्धारित किये गये हैं, जिनके अन्तर्गत प्रस्तावक के द्वारा ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं पर्यावरण प्रबन्धन योजना तैयार कर प्रस्तुत की गयी है। पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा जारी ई.आई.ए. अधिसूचना 14.09.2006 (यथासंशोधित) के अनुसार उक्त प्रकार की परियोजनाओं के क्रियान्वयन से पूर्व लोक सुनवाई का प्राविधान है, जिस हेतु 30 दिनों का नोटिस समाचार पत्रों के माध्यम से जन साधारण के संज्ञानार्थ दिया जाना आवश्यक है। लोक सुनवाई हेतु "पैनल" की संरचना उक्त अधिसूचना के अनुरूप निम्नवत् है :-

1. जिलाधिकारी, जनपद ऊधमसिंहनगर या उनके द्वारा नामित / अधिकृत प्रतिनिधि जो जिला स्तरीय अधिकारी हो - लोक सुनवाई के अध्यक्ष।
2. उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के प्रतिनिधि।

प्रस्ताव से सम्बन्धित जमा समस्त अभिलेख (i) क्षेत्रीय कार्यालय, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, 25-सुभाष रोड, देहरादून (ii) मुख्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, गौरा देवी पर्यावरण भवन, 46 - बी, आई०टी० पार्क, सहस्त्रधारा रोड, देहरादून (iii) क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, चामुण्डा काम्पलैक्स, रामनगर रोड, काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर (iv) कार्यालय जिलाधिकारी, ऊधमसिंहनगर (v) कार्यालय, जिला पंचायत, ऊधमसिंहनगर (vi) जिला उद्योग केन्द्र, ऊधमसिंहनगर में उपलब्ध हैं, जिनका कोई भी इच्छुक संस्था / व्यक्ति अवलोकन कर सकता है। ड्राफ्ट पर्यावरण प्रभाव मूल्यांकन रिपोर्ट एवं सारांश की प्रति **www.ueppcb.uk.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

मै0 नगर पालिका परिषद, महुआखेड़ागंज, ऊधमसिंहनगर द्वारा प्लाट सं0-397, श्री डेवलपर्स इंडस्ट्रीयल स्टेट, महुआखेड़ागंज, तहसील काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर में सामान्य ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन सुविधा ( सेनेटरी लैंडफिल ) (क्षेत्रफल-0.3880 है0) की पूर्व पर्यावरणीय स्वीकृति हेतु लोक सुनवाई दिनांक 06.12.2025 को प्रातः 11:00 बजे से परियोजना स्थल में तत् समय कोविड -19 के संदर्भ में विद्यमान SoP के अधीन सोशल डिस्टेसिंग; आवश्यक रूप से मास्क का प्रयोग, थर्मल स्क्रीनिंग एवं हैंडवाश व सेनेटाइजर तथा अन्य सुरक्षात्मक उपायों के साथ निर्धारित की जाती है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि सम्बन्धित परियोजना के प्रस्ताव के सम्बन्ध में अपने मौखिक, लिखित, सुझाव, टीका टिप्पणियों एवं आपत्तियाँ इस कार्यालय अथवा बोर्ड के क्षेत्रीय कार्यालय, उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, चामुण्डा काम्पलैक्स, रामनगर रोड, काशीपुर, जनपद ऊधमसिंहनगर में इस सूचना से सम्बन्धित विज्ञापन प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के अन्दर प्रेषित कर सकते हैं अथवा लोक सुनवाई के समय भी प्रस्तुत कर सकते हैं।

सदस्य सचिव
उत्तराखण्ड प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड

TOI 05/11/2025

Clean Environment and Healthy Life Style | स्वच्छ पर्यावरण व स्वस्थ जीवन शैली

# OFFICE OF THE CHIEF ENGINEER (BUILDING) PUBLIC WORK DEPARTMENT OLD PALASIYA INDORE

Email:- apdpiuindore@gmail.com Tel. No. - 0731-4989768

...2025/NIT-24/ 3072 Indore Date :- 31/10/25

Dha

Ne
day
tive
wil
the
tric
law
pos

con
the
the
rul
al
for
wh
gis
pri

ben
des
Vik
Joy
old
can
to
jud
es a
yea

cad
adv
sou
(50